जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ समापन, प्रतिभाओं ने बिखेरे रंग

खगड़िया (आससे)। कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार के निर्देश पर मुख्यालय के खेल भवन परिसर में आयोजित 30 वां जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का उदघाटन मंगलवार को जिलाधिकारी विक्रम वीरकर, एडीएम पुष्पेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्रेया श्री, वरीय समाहर्ता विवेक सुगंध, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम शुभारंभ के इस अवसर पर कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों को परंपरागत तरीके पाग, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में जिलाधिकारी श्री वीरकर ने देश के दूसरे राज्यों में विकसित कला, संस्कृति और परंपरा को न सिर्फ अपनाने बल्कि अपनी विरासत में मिले मधुबनी पैंटिंग,झिझिया नृत्य आदि परंपरागत सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने की बात कही। उन्होंने सरकार द्वारा परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले कार्यक्रम को मंच दिए जाने के साथ अपने अंदर की कला जीवंत बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी ने परिसर में लगाए गए विभिन्न प्रकार के कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, समूह लोक गीत के साथ तबला, हारमोनिया, गिटार के साथ बासुरी वादन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कलाकारों ने एक से बढकर एक अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दिन कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में शामिल बेगूसराय के डॉ मनोहर गोपाल, दरभंगा से गोपाल चौधरी, खगड़िया से राजेन्द्र गुप्ता, गणेश पाल, अमित निगम आदि की अहम भूमिका रही ।तीन दिवसीय युवा उत्सव का आज बुधवार को समापन हो गया. जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने कहा की इस आयोजन में जिले के 15 से 29 आयु वर्ग के प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला. उन्होंने कहा खगड़िया जिला प्रशासन और कला एवं संस्कृति विभाग युवाओं को जिला और राज्य स्तर पर अपनी पहचान स्थापित किए जाने की दिशा में लगातार तत्पर है।



मांगों के समर्थन में पटना चलने का आह्वान

मधेपुरा(आससे)। श्री कृष्ण मंदिर गौशाला परिसर मधेपुरा में बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ फैक्टनेब के भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा इकाई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष सह सीनेट सदस्य प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई ।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फैक्टनेब के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राकेश कानन के आह्वान पर 44 वर्षों से वेतन पेंशन की लंबित मांगों को लेकर, फैक्टनेब के राज्य स्तरीय महापंचायत व महासम्मेलन ,जो दिनांक 1 नवंबर 2026 को गर्दनीबाग पटना के गेट पब्लिक लाइब्रेरी एण्डइंस्टीट्यूट रोड नंबर 15 में आहुत है, में निर्णयक कदर उठाए जाने पर विचार किया जाएगा ।जिसमें विश्वविद्यालय के तमाम संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मियों से आग्रह है कि अपने लिए करो और मारो के दायरे में इस महा पंचायत में भाग लेने की कृपा की जाए ।साथ ही विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में एक मांग पत्र के साथ विश्वविद्यालय में लंबित कॉपी मूल्यांकन का पारिश्रमिक भुगतान को लेकर विवि के कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं स्न हृ से मिलकर अविलंब भुगतान करवाने की बात की गई। जिसके उपरांत सारे पदाधिकारियो ने दीपावली से पूर्व सभी शिक्षा कर्मियों को भुगतान करवा दिया दिया जाएगा ऐसा आश्वासन दिया। बैठक में विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव के अलावे विवि महासचिव डॉक्टर बैद्यनाथ यादव ,सुपौल जिलाध्यक्ष डॉक्टर चंद्र प्रकाश यादव,विवि सचिव प्रोफेसर सतेन्द्र प्रसाद यादव ,विश्वविद्यालय सचिव प्रोफेसर ललन कुमार,प्रदेश सचिव प्रोफेसर दिनेश कुमार,विविउपाध्यक्ष प्रो. आलोक , विवि उपाध्यक्ष प्रो. कुमार राजीव रमन ,विवि सचिव प्रो. अभय कुमार, डॉ बालकृष्ण प्रसाद प्रो. संजय कुमार, प्रोफेसर उमेश प्रसाद यादव, प्रो. चंद्रदीप कुमार, प्रो. शंभू कुमार, प्रो.नरेश कुमार , प्रो. लाल बहादुर शास्त्री, प्रो.विजेंदर मंडल, प्रो. भीम कुमार, प्रो. लीला कुमारी, प्रो. अशोक कुमार ठाकुर, शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

MAHARAJA LOTTERY

28.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	73
09.00	M-Two	03
09.30	M-Three	44
10.00	M-Four	59
10.30	M-Six	86
11.00	M-Eight	45
11.30	M-Nine	14
12.00	M-Ten	28
12.30	M-Eleven	07
01.00	M-Tweleve	20
01.30	M-Fourteen	67
02.00	M-Fifteen	13
02.30	M-Seventeen	84
03.00	M-Eighteen	45
03.30	M-Nineteen	46
04.00	M-Twenty	81
04.30	M-Twenty-one	93
05.00	Mahajara Twenty	84
05.30	Mahajara Twenty one	56
06.00	Mahajara Twenty	10

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

नीरज और डा. यादव की जीत से गठबंधन के कार्यकर्ताओं में बना उत्साह का माहौल : अनुराधा

खगड़िया (आससे)। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जनता दल (यूनाइटेड) के प्रत्याशी नीरज कुमार तथा कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ. एन.के. यादव की शानदार जीत पर जदयू की जिलाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि हमारे सर्वमान्य नेता, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन तथा माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और माननीय मंत्री श्री निशांत जी के नेतृत्व में एनडीए जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। दोनों प्रत्याशियों की जीत से गठबंधन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नवनिर्वाचित प्रतिनिधि स्नातक मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे और शिक्षा, युवाओं तथा स्नातक समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते हुए उनके हितों के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने दोनों नेताओं को पुन: बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। जिलाध्यक्ष के अलावे उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला, पंकज कुमार पटेल, प्रभाकर चौधरी, अनिल जयसवाल, फिरदौस आलम, भविष्य सिंह कुशवाहा, निर्मला कुमारी, अविनाश पासवान, उमेश सिंह पटेल, जिला प्रवक्ता संजय जयसवाल, धर्मेंद्र महतो, जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राकेश पासवान शास्त्री, प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार, रामप्रकाश सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह, अशोक राय, संजय सिंह कुशवाहा, मायाराम मंडल, सुबोध साह, नगर अध्यक्ष प्रभात शर्मा, जिला महासचिव अनुज शर्मा, नीलकमल पटेल, जयप्रकाश मौर्य, पप्पू देव, जिला सचिव वंदना भारती, गीता कुमारी, रोशन कुमार आदि ने भी दोनों विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है ।

दो दिवसीय नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)(आससे)। सहरसा जिले के सोनवर्षा प्रखंड क्षेत्र के सरौनी मधेपुरा पंचायत अंतर्गत गौआरी गांव में गोजगरा पर्व के अवसर पर दो दिवसीय नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार एवं मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी कला एवं अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक जागरण एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्सवी माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम देखने पहुंचे। वहीं हर वर्ष की भांति लक्ष्मी सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पंडितों के द्वारा पूजा पाठ एवं हवन पूजन किया गया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्कृति समिति के अध्यक्ष प्रमोद झा, सतीश चंद्र झा, फुलेश्वर झा, शालीग्राम मिश्र, ललितेश्वर झा, सुमीत कुमार झा, वत्स कुमार झा उर्फ चमन झा, मुखिया मनीषा झा, राजू रंजन झा, नवल किशोर झा, गौरव कुमार झा, मिरतुञ्जय झा, शिव शंकर पाठक, शंकर कुमार झा, श्रीकांत कुमार झा, शालिग्राम झा,नीरज झा, धीरज झा,पं पिक्कु झा, रधु झा,राहुल, बिट्टू, प्रेम एवं मिस्टर सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डीआईजी ने किया सिमरी बख्तियारपुर अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा (आससे)। कोसी क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. कुमार आशीष ने मंगलवार को सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों एवं अभिलेखों, लंबित कांडों तथा पुलिस भवनों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही कार्यालय में कार्यरत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने लंबित कांडों के निष्पादन के लिए अगले माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांडों के निष्पादन में गुणवत्ता और प्रभावशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। डीआईजी ने अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में रखे गए अभिलेखों एवं पंजियों की स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा लंबित मामलों की प्रगति और पुलिस भवनों की स्थिति का भी जायजा लिया। कार्यालय में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करते हुए उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता और जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी डॉ. कुमार आशीष ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने तथा लोगों की शिकायतों के निपटारे में तत्परता दिखाने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आम लोगों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करें, ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-16/2026-27

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक-24.10.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक-05.11.2026 के 1:00 बजे अप0 तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक-06.11.2026 के 1:00 बजे अप0 तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक-06.11.2026 के 3:30 बजे अप0 तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल,सहरसा। 3. संबंधित सहायक अभियंता।
7. परिमाण विपत्र प्राप्ति का स्थान यथा क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:-

क्रम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
01.	Repairing, Painting and aluminium partition work in stair side room of sub division office building, Udakishunganj for the F.Y -2026-27	2,03,300/-	4100/-	500/-	15 दिन
02.	Day to Day Emergent work for Judicial Building at Madhepura for the F.Y -2026-27	3,59,700/-	7200/-	750/-	05 माह
03.	Day to Day Emergent work for Judicial Building at Udakishunganj for the F.Y - 2026-27	2,56,600/-	5200/-	750/-	05 माह

विशेष जानकारी के लिए state.bihar.gov.in/prdbihar पर या अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें अथवा सूचना पट्ट पर देखें।

PR- 014380 (B C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, मधेपुरा।

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव 2026 की समीक्षा बैठक

सहरसा (आससे)। विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव-2026 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। महोत्सव अगले महीने 19-21 नवंबर को आयोजित होना है। बैठक में %प्रभात परिक्रमा%, सेमिनार एवं वाद विवाद, स्मारिका प्रकाशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर विचार किया गया। साफ सफाई, स्वास्थ्य एवं सड़क मरम्मति से सम्बंधित भी कई निर्णय लिये। महोत्सव के उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। महोत्सव के प्रथम दिन सुबह में %प्रभात परिक्रमा% कार्यक्रम को इस वर्ष से ही प्रारंभ किये जाने हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर और मंडनधाम परिसर को महोत्सव के मूल कार्यक्रमों से जोड़कर ग्रामीणों, सेवायत सदस्यों और बुद्धिजीवियों को महोत्सव में सक्रिय रखकर सम्मिलित करना है। सेमिनार और वाद विवाद समिति को महोत्सव की आत्मा बताया गया और इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, साउथ एशियन विश्वविद्यालय से विषय विशेषज्ञ विद्वानों को बुलाकर मंडन मिश्र की मीमांसा दर्शन, सनातन एवं बौद्धों में उग्रतारा के साथ साथ मिथिला के धर्म, दर्शन, संस्कृति और जीवन पद्धति पर वाद-विवाद एवं विमर्श कराने का निर्णय लिया गया है। अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा जिस हेतु राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों एवं शोधकर्ताओं से 9 नवंबर 2026 तक गुणवत्तापूर्ण एवं मौलिक आलेख मांगे गये हैं। स्मारिका की प्रिंट कापी के साथ साथ इसके डिजिटल फार्म को महोत्सव के साइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक मे स्टॉल, फुड कोट और पुस्तक मेला से संबंधित भी कई निर्णय लिये गये हैं। पर्यटन द्वारा प्रायोजित राशि कम पड़ने पर %फ्रेंड्स ऑफ फेस्टिवल% के माध्यम से अनुदानकर्ताओं से फंड जेनरेशन का भी निर्णय लिया गया है। जिसके तहत डिजिटल/नॉन डिजिटल विज्ञापन की सुविधा प्रदान की जायेगी । पर्यटन विभाग के अधीन महिषी में अवस्थित रेस्टहाउस में कलाकारों के आवासन की संभावना पर विचार करने से पुर्व जिलाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरांत आगे का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीपीओ, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित हुए।



इटवा स्लुइस गेट के पास जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति ने किया स्थलीय निरीक्षण

खगड़िया (आससे)। इटवा स्लुइस गेट के पास जलजमाव की समस्या के कारण किसानों एवं आमजनों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए जिलाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित पहल की गई है। समस्या के शीघ्र समाधान तथा प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है । गठित समिति में अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण विभाग तथा कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2 को शामिल किया गया है। मंगलवार को समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया गया तथा समस्या के कारणों का आकलन किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान समिति ने पाया कि लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में गाद जमा होने के कारण जलनिकासी प्रभावित हो रही है। इससे उत्पन्न स्थिति के कारण स्थानीय किसानों एवं आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन इस समस्या के प्रति संवेदनशील है और प्रभावित लोगों को यथाशीघ्र राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में कार्रवाई कर रहा है ।जिलाधिकारी का कहना है कि जलनिकासी की समस्या के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि जलजमाव से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके तथा आमजनों को भी आवागमन एवं दैनिक गतिविधियों में हो रही परेशानियों से निजात दिलाई जा सके ।जिला प्रशासन का प्रयास है कि समस्या का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान हो तथा किसानों एवं आमजनों को यथासंभव जल्द राहत मिल सके ।

ब-अदालत,
असैनिक न्यायाधीश (प्रवर कोटि-1)
बिक्रमगंज, रोहतास।
स्वत्व वाद संख्या- 201/2023
अभिषेक कुमार ....मुदई
बनाम
सुरेन्द्र पाण्डेय वगै. ....मुदा.
नोटिस बनाम : 1. संजय कुमार पाण्डेय वल्द स्व. भागीरथी पाण्डेय सा. मौजा-करूप, पो.-इटवां, थाना-काराकाट (गोड़ारी), रोहतास।
चूं बजरिये इस गजट नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपके विरुद्ध एक नम्बरी मुकदमा मुदई मेरे न्यायालय में दाखिल किया है। आपकी उपस्थिति हेतु नजारत समन वो निबंधित सम्मन मेरे न्यायालय द्वारा भेजी गयी, बावजूद इसके आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकें।
अत: इस गजट प्रकाशन के माध्यमसे आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक: 05.11.2026 को समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा वाद की कार्यवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनिश्चित की जायेगी। इसे सख्त ताकीद जानें।
यह गजट नोटिस आज दिनांक-13.10.2026 को कार्यालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
असैनिक न्यायाधीश (प्रवर कोटि-1)
बिक्रमगंज, रोहतास।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार
कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज वन प्रमंडल, गोपालगंज।
घतिवना रोड थावे, रहसु भगत मंदिर पोखरा से पुरब, थावे - 841440

ई. मेल- dfogopalganj-bih@gov.in Mob No. 9973043685
(Through e-procurement Mode only over (https://eproc2.bihar.gov.in)
Tender Notice No. 02/e-proc/2026-27

ईको पर्यटन एवं पार्क का विकास योजना अन्तर्गत गोपालगंज वन प्रमंडल, गोपालगंज अन्तर्गत नारायणी रिवर फन्ट डुमरिया घाट में नक्षत्र वाटिका, नवग्रह वाटिका एवं मोक्ष वाटिका के निमार्ण सामग्रियों के क्रय हेतु निम्नवत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम	Cost of Tender Document (Non Refundable) Online Mode Paid through E-payment	Tender Processing for (Non Refundable) Online Mode Paid through E-payment	Ernest Money Deposit Offline (In Bank Draft / Demand Draft)
विभिन्न प्रकार के निमार्ण सामग्री यथा सिमेन्ट ईंट, बालू, सिमेन्ट, स्टोन चिप्स, टीएमटी0 छड़िया आवरण बाजर (Binding Wire)| Paver Block, Structure Steel, Local Sand, MS Grill, Deep Boring, Ceramic Glazed Floor Tiles, Glass Mossaic Tiles, Granite, Good Earth, Sculpture for Peace Theme, Landscaping Etc. रेनाईट, बलुआई मिट्टी, इत्यादि	Rs. 1000.00	Rate as per eProc-02 Website	Rs.1,00,000/-

नोट:- लागत सामग्री का अनुमानित विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है।
Tender Schedule/Programme : -

Sl. No.	Activity	Date/Time:-Duration
1.	Date of issuance of RFP/Tender document	From : 04/11/2026 onward (through http://eproc 2.bihar.gov.in/Eproc 2.0 portal)
2.	Pre Bid Meeting	06-11-2026 at 2.00 P.M. (In the Office of the D.F.O. Gopalganj)
3.	Date/Time for Submission/uploading the proposal (Technical and Financial)	Till 07-12-2026 up to 03:00 PM (https://eproc2.bihar.gov.in)
4.	Submission of EMD in Hard Copy /Original	Till 07-12-2026 up to 03:00 PM (In the Office of the D.F.O. Gopalganj
5.	Date & time for Opening of Technical Bid	09-12-2026 – 2.00 P.M. (In the Office of the D.F.O. Gopalganj)
6.	Financial Bid Opening Date and Time	After Evaluation of Technical Bid
7.	Contract Person/Nodal Officer for Queries	Divisional Forest Officer, Gopalganj Forest Division, Email Id- dfogopalganj-bih@gov.in Mobile No. 9973043685

नोट:- विशेष परिस्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 014286 (FOREST) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Divisional Forest Officer,
Gopalganj Forest Division, Gopalganj

कोसी स्नातक में भाजपा के डा. एनके यादव जीत का लगाया हैट्रिक

दूसरी वरीयता के बाद मिले 31823 वोट, राजद के नितेश को 10026 मतों से हराया

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा (आससे)। बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिष्ठित और मैराथन चुनावी समर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता डॉ. एनके यादव ने लगातार तीसरी बार विजय पताका फहराकर जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी कर ली है ।लंबी और जटिल मतगणना के उपरांत निर्वाची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार ने आधिकारिक रूप से डॉ. एनके यादव को 9,000 से अधिक मतों के अंतर से विजयी घोषित किया ।कोसी स्नातक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 14 जिलों के प्रबुद्ध मतदाताओं ने एक बार फिर डॉ. एनके यादव के 12 वर्षों के सेवाकाल, विकासपरक दृष्टि और उनकी सहज-सुलभ कार्यशैली पर अपनी मुहर लगाई है। मुकाबले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी नितेश कुमार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि जनसुराज के रजनीश रंजन तीसरे स्थान पर सिमट गए।

इस चुनाव में कुल 74,401 मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। मतपत्रों की जांच और स्क्रूटनी के दौरान 10,000 मत अवैध पाए गए थे, जिसके बाद कुल वैध मतों की संख्या 64,401 दर्ज की गई। एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के नियम के तहत जीत के लिए 32,201 मतों का कोटा निर्धारित किया गया था।


प्रथम वरीयता के 11 राउंड की गिनती के बाद डॉ. एनके यादव 24,075 मत पाकर शीर्ष पर थे, जबकि राजद के नितेश यादव को 18,535 और जनसुराज के रजनीश रंजन को 15,306 मत मिले थे। प्रथम वरीयता में किसी प्रत्याशी द्वारा कोटा हासिल न करने के कारण निर्वाचन आयोग के निर्देश पर द्वितीय वरीयता (सेकंड प्रेफरेंस) के मतों की गिनती शुरू हुई।

एलिमिनेशन चक्र के दौरान मैदान में मौजूद अन्य छोटे दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के मतपत्रों से मिले द्वितीय वरीयता के मतों ने डॉ. एनके यादव की बढ़त को एकतरफा बना दिया। जैसे-जैसे बाहर हुए प्रत्याशियों के मत ट्रांसफर हुए, डॉ. यादव ने न केवल 32,201 के जादुई आंकड़े को पार किया, बल्कि अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नितेश कुमार से 9,000 से अधिक मतों का भारी अंतर बना लिया। इसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम अंशुल कुमार और चुनाव आयोग के प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में अंतिम परिणाम जारी कर जीत का प्रमाण पत्र सौंपा गया।

स्नातक मतदाताओं ने मुझे तीसरी बार सदन भेजा है, इसलिए मेरी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। मैं क्षेत्र के युवाओं के रोजगार, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और स्नातकों की समस्याओं के समाधान के लिए पहले से अधिक जवाबदेही और निष्ठा के साथ काम करूंगा।

महिला सुरक्षा और कानूनी जानकारी देने केउद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में जारी है जागरूकता कार्यक्रम

बेलदौर(खगड़िया)(आससे)। खगड़िया के पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे 'पुलिस दीदी' अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा प्रखंड मुख्यालय के दो विद्यालय का निरीक्षण किए जाने के क्रम में सोमवार को बेलदौर थाना में पदस्थापित एसआई सरिता कुमारी और सिपाही निशा कुमारी ने नगर पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय भैसा डीह, मध्य विद्यालय रोहियामा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वर्तमान समय की संवेदनशील चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर सजग बनाना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानव तस्करी बाल श्रम, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों तथा अनजान लोगों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की भी सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत अपने भरोसेमंद अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान मध्य विद्यालय भैसा डीह के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, रोहियामा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश कुमार मंडल सहायक शिक्षक राकेश कुमार, अमरेन्द्र कुमार समेत विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे। वहीं बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक उच्च विद्यालय दिघौन में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और किसी भी प्रकार के शोषण से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बेलदौर थाने के अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल अधिकारों और यौन शोषण से बचाव के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को किसी भी संदिग्ध या अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने, अपनी सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता देने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस अधिकारियों को तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया ?. इस अभियान के तहत छात्राओं को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बीच का अंतर समझाने, अपने कानूनी अधिकारों को जानने तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विद्यालय परिवार और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर एसआई विकास कुमार, महिला सिपाही प्रीति कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरविंद कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक कुंदन कुमार, अग्नि देव कुमार, प्रताप आनंद, रूबी कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रहलाद कुमार, भीमसेन, रेणु कुमारी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



ब-न्यायालय,
सब जज द्वितीय
बिक्रमगंज, रोहतास।
स्वत्व वाद संख्या- 433/2025
गजाधर राम वगै. ....वादीगण
बनाम
चन्द्रमा दुसाध वगै ....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम : प्रतिवादीगण 1. कृष्णा पासवान पिता-चन्द्रमा दुसाध निवासी ग्राम- टेकनपुरा पो.-कुसुम्हरा थाना-सूर्यपुरा जिला-रोहतास।
चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद के मुदई ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल किया है जिसमें आपके उपर सम्मन और रजिस्ट्री सम्मन तामिला के कार्रवाई के बावजूद भी आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए वो आपको इस गजट प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि दिनांक : 18.11.2026 समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।
आज दिनांक-14.10.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सब जज-द्वितीय
सिविल कोर्ट, बिक्रमगंज
जिला- रोहतास (बिहार)